**2JZOJT8**

# संकलित परीक्षा - II (2016-17)
## हिन्दी 'ब'
## कक्षा - IX

**निर्धारित समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक : 90**

**निर्देश :**

(1) इस प्रश्न-पत्र के **चार खंड** हैं - **क, ख, ग** और **घ।**

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

**खण्ड क ( अपठित बोध )**

1 **निम्नलिखित** गद्यांश **को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।(2x5=10)** 10

प्रत्येक मनुष्य चाहता है कि जब तक वह जीवित रहे उसे सभी प्रकार का सुख प्राप्त होता रहे। अतः वह अधिक से अधिक सुख-समृद्धि की कामना करता है। मनुष्य जीवन भर अपने लिए तथा अपने परिवार के लिए जूझता रहता है ताकि वह सुखपूर्वक जी सके।

व्यक्ति से अगली इकाई परिवार की है। पति-पत्नि, माता-पिता तथा बच्चों से परिवार बनता हं। परिवार एक ऐसी इकाई है जो समाज ओर राष्ट्र से जुड़ीरहती है। अतः परिवार की सुख-समृद्धि और उसकी मंगल-कामना के लिए प्रयत्न करना 'परिवार-नियोजन' कहलाता है।

लोगों को समझाया जाना चाहिए कि जनसंख्या-वृद्धि से उनके परिवार को किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। अन्न का अभाव, परिवहन-सुविधा में कमी, चिकित्सा में कठिनाई, शिक्षा तथा नौकरी के अवसरों में कमी आदि का प्रत्यक्ष प्रभाव हम सभी पर पड़ेगा। परिणाम स्वरूप परिवार की ही नहीं, पूरे समाज की सुख-सुविधा में कमी आ जाएगी।

देश की गरीबी को दूर करने क लिए भी परिवार को सीमित रखना आवश्यक है। बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए परिवार को सीमित रखना ही होगा। इस कार्य की सफलता के लिए शिक्षा की भूमिका महत्वपूर्ण है। अज्ञान के कारण ही लोग लड़के की चाह में परिवार में वृद्धि करते हैं। शिक्षा के माध्यम से हमं इन तथ्यों को जनता को समझाना चाहिए कि लड़का-लड़की समान हैं परिवार का कल्याण इसी में है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने परिवार को सीमित रखे जिससे कि परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहे।

(क) परिवार नियोजन का तात्पर्य क्या है?

(ख) जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणाम बताइए।

(ग) आपके विचार से परिवार-कल्याण की सफलता के लिए कौन-कौन से उपाय किये जाने चाहिये?

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (घ) 'परिवार नियोजन' में शिक्षा की क्या भूमिका है ?<br>(ङ) लड़का-लड़की को एक समान क्यों समझना चाहिए ? | |
| | | **(मुक्त पाठ)**<br>**(*कृपया सुनिश्चित करें कि इस विषय का मुक्त पाठ इस प्रश्न पत्र के साथ उपलब्ध है(**<br>**विषय : समावेशी शिक्षा एक चुनौती( 5+5)** | |
| | 2a | समावेशी शिक्षा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को समाज की मुख्य धारा से कैसे जोड़ती है? | 5 |
| | 2b | नि:शक्त बालकों के लिए समावेशन शिक्षा में किस प्रकार की चुनौती है? उदाहरण द्वारा समझाइये। | 5 |
| | | **खण्ड ख( व्यावहारिक व्याकरण )** | |
| | 3 | (क) निम्नलिखित वर्ण – विच्छेदों के लिए शब्द लिखिए :<br>(1) स् + अ + ह् + आ + र् + आ<br>(2) स् + थ् + इ + त् + इ<br>(ख) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग कीजिए:<br>डका, छाव<br>(ग) निम्नलिखित शब्दों में से वह शब्द चुनिए जिसमें अनुनासिक चिह्न का प्रयोग होता है :<br>ताबा, लबा<br>(घ) निम्नलिखित शब्दों में से नुक्ते के उचित प्रयोग वाले शब्द छाँटिए:<br>जरा,तेरा | 5 |
| | 4 | (क) निम्नलिखित शब्दों में सन्धि कीजिए:<br>1. सर्व+ अधिक 2. नील+ ईश<br>(ख) निम्नलिखित शब्दों में सन्धिविच्छेद कीजिए:<br>1. पूर्वोक्त 2. गौरवांकित | 4 |
| | 5 | (क) निम्नलिखित शब्दों में मूल शब्दों व उपसर्गों को अलग – अलग करके लिखिए:<br>(1) प्रयुक्त (2) आपूर्ति<br>(ख) निम्नलिखित शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय को अलग – अलग करके लिखिए:<br>वियोगिनी<br>(ग) निम्नलिखित में विरामचिह्न लगाइए:<br>(1) क्या उसे बी ए में दाखिला मिल गया<br>(2) धूल से सने बालकों को धूल भरे हीरे कहा गया है<br>(3) जिनके साथ हमें यात्रा करनी थी वे थे विजय और मीनू | 6 |
| | | **खण्ड ग ( पाठ्य-पुस्तक )** | |
| | | **पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** ( 2+2+1 ) | |
| | 6(i) | धार्मिक शोषण को किस प्रकार रोका जा सकता है ? 'धर्म की आड़' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए। | 2 |
| | (ii) | कलाभिज्ञ लोगों को कीचड़ का रंग कहाँ देखना अच्छा लगता है? 'कीचड़ का काव्य' पाठ के आधार पर लिखिए। | 2 |
| | (iii) | गांधीजी का धर्म से क्या आशय था ? उसकी क्या विशेषता थी ? 'धर्म की आड़' पाठ के आधार पर लिखिए। | 1 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 7 | वाद्ययंत्रों की ध्वनियों के अध्ययन द्वारा रामन ने क्या सिद्ध किया था और क्यों? 'वैज्ञानिक चेतना के वाहक' पाठ के आधार पर लिखिए। | 5 |
| | 8 | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(2+2+1)**<br>गाँधीजी के पास आने के पहले अपनी विद्यार्थी अवस्था में महादेव ने सरकार के अनुवाद-विभाग में नौकरी की थी। नरहरि भाई उनके जिगरी दोस्त थे। दोनों एक साथ वकालत पढ़े थे। दोनों ने अहमदाबाद में वकालत भी साथ-साथ ही शुरू की थी । इस पेशे में आमतौर पर स्याह को सफ़ेद और सफ़ेद को स्याह करना होता है। साहित्य और संस्कार के साथ इसका कोई संबंध नहीं रहता। लेकिन इन दोनों ने तो उसी समय से टैगोर, शरदचंद्र आदि के साहित्य को उलटना-पुलटना शुरू कर दिया था। 'चित्रांगदा' कच-देवयानी की कथा पर टैगोर द्वारा रचित 'विदाई का अभिशाप' शीर्षक नाटिका, 'शरद बाबू की कहानियाँ' आदि अनुवाद उस समय की उनकी साहित्यिक गतिविधियों की देन हैं।<br>प्रश्न<br>(क) वकालत के पेशे की क्या विशेषता है ?<br>(ख) नरहरि भाई और महादेव भाई की साहित्यिक गति-विधियाँ कौन-कौन सी हैं ?<br>(ग) गाँधी जी के पास आने से पहले महादेव भाई क्या करते थे ? | 5 |
| | | **पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( 2+2+1)** | |
| | 9(i) | परम लाभ प्राप्त करके सुखिया के पिता ने क्या सोचा ? 'एक फूल की चाह' कविता के आधार पर लिखिए। | 2 |
| | (ii) | ''गीत-अगीत'' कविता के आधार पर बताइए कि हमें जीवन को क्या प्रदान करना चाहिए? गीत अथवा अगीत, क्यों? | 2 |
| | (iii) | 'खुशबू रचते हैं हाथ' कथन से कवि का क्या अभिप्राय है ? | 1 |
| | 10 | वर्तमान सामाजिक परिवेश अग्निपथ की माँग करता है, क्या आप इससे सहमत हैं, क्यों ? 'अग्निपथ' कविता के आधार पर तर्क सम्मत विचार व्यक्त कीजिए। | 5 |
| | 11 | 'दिए जल उठे' पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए कि निर्दोष को सजा देना किसी भी न्यायाधीश के लिए कठिन क्यों हो जाता है? उदाहरण देकर अपने विचार प्रस्तुत कीजिये। | 5 |
| | | **खण्ड घ ( लेखन )** | |
| | | दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर **किसी एक** विषय पर लगभग **80 से 100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। | |
| | 12 | आंतरिक सौंदर्य - सद्गुण<br>• तात्पर्य<br>• आवश्यकता<br>• निष्कर्ष | 5 |
| | | **अथवा** | |
| | | सचिन : क्रिकेट का महाराजा<br>• परिचय<br>• योगदान<br>• भारतीयों का प्रेम | 5 |
| | | **अथवा** | |
| | | राष्ट्रीय संपत्ति-सबकी संपत्ति<br>राष्ट्रीय संपत्ति क्या है? | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | स्वामी कौन? <br> क्या करें? | |
| | 13 | छोटे भाई को अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देते हुए पत्र लिखिए। | 5 |
| | 14 | *दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर अपने मन में उभरे विचारों को* **20-30** *शब्दों मेंअपनी भाषा में प्रस्तुत कीजिए। विचारों का वर्णन स्पष्ट रूप में चित्र से ही सम्बद्ध होना चाहिए।*  | 5 |
| | 15 | दहेज के लिए ससुराल द्वारा प्रताड़ित कम पढ़ी–लिखी स्त्री को मार्गदर्शन करते हुए संवाद लगभग 50 शब्दों में लिखिए। | 5 |
| | 16 | किसी नर्सरी में क्रिसेंथमम की नई पौध–तैयार की गई है। पौधे बेचने के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए। | 5 |
| | | | |
| | | -o0o0o0o- | |